भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर

सम्पदा कार्यालय (कक्ष सं 101डी, संकाय भवन) फोन नं 0512-259-7166

नीलामी सूचना संख्या -27/2019-20

बेर फलो की नीलामी हेतु निविदा

दिनांक: 09.01.2020

निदेशक, भा. प्रौ. सं. कानपुर की ओर से संस्थान परिसर मे स्थित हवाई पट्टी के पीछे में लगे **बेर फलों** की नीलामी हेतु मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं।

इच्छुक व्यक्ति पूर्ण रूप से भरी हुई निविदा संस्थान के सम्पदा कार्यालय में दिनाँक 21.01.2020 को अपराह्न 3:00 बजे तक जमा कर सकते है। इसके उपरांत प्राप्त की गई निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।

प्राप्त निविदाओं को खोलने की तिथि, समय व स्थान की घोषणा बोलीदाता को अलग से सूचित की जाएगी।

निविदा प्रपत्र संस्थान की वैबसाइट www.iitk.ac.in/estateoffice/tender से डाउनलोड किया जा सकता है।

ह.
सहायक कुलसचिव एवं
प्रभारी अधिकारी (सम्पदा कार्यालय)

प्रतिलिपि:

1- डीन, प्रशासन
2- अधीक्षण अभियंता (कार्यवाहक), सं. नि. वि. – व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु
3- सूचना पट्ट
4- वैबसाइट

पात्रता सम्बन्धी शर्ते :–

1. निविदाकार पिछले तीन वर्षों से **इस प्रकार के फलों की खरीद व विक्री का** कार्य कर रहा हो।
2. निविदादाता की वित्तीय स्थिति बेहतर होनी चाहिए।

निविदा सम्बन्धित अनिवार्य संलग्नकः

1. आधार कार्ड की छायाप्रति
2. पिछले एक साल का बैंक विवरण
3. आयकर पंजीकरण प्रमाणपत्र/पैन नम्बर की छायाप्रति

नीलामी की नियम व शर्ते

1. **उक्त** नीलामी केवल वित्तीय वर्ष 2019-20 की **बेर फलों की नीलामी** के लिए है।
2. नीलामी में भाग लेने के इच्छुक निविदादाता, निविदा प्रपत्र के साथ रू.5,000/- का बैंक **ड्राफ्ट** 'रजिस्ट्रार, आई.आई.टी. कानपुर' के नाम बयाने के रूप में संलग्न करना अनिवार्य है। जो भी निविदादाता रू.5,000/- का बैंक **ड्राफ्ट** बयाने की राशि के रूप में संलग्न नहीं करेगा उसकी निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।
3. **इच्छुक निविदादाता संस्थान के सम्पदा कार्यालय में संपर्क कर दिनांक 13.01.2020 से 20.01.2020 तक के कार्य दिवसों में पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे के मध्य उक्त बेर फलों का भौतिक निरीक्षण कर सकते हैं।**
4. **इच्छुक निविदादाता पूर्ण रूप से भरी हुई निविदा को सम्पदा कार्यालय मे दिनांक 21.01.2020 को अपराह्न 3:00 बजे तक जमा कर सकते है। इसके उपरान्त प्राप्त की गई निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।**
5. **नीलामी सफल उच्चतम बोली लगाने वाले निविदादाता को दी जाएगी।**
6. **सफल निविदादाता को नीलामी की धनराशि संस्थान मे ड्राफ्ट या किसी अन्य डिजिटल भुगतान (digital payment) के माध्यम से नीलामी के दो दिनों के अंदर जमा करना होगा।** अन्यथा की स्थिति में, बयाने की राशि जब्त कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।
7. **सफल उच्चतम बोली लगाने वाले निविदादाता को नीलामी में प्राप्त बेर फलों को , नीलामी** की धनराशि संस्थान में जमा करने के उपरान्त, **तोड़ने व** ले जाने की अनुमति प्रदान की जाएगी।
8. नीलामी के पश्चात फलों की रखवाली की जिम्मेदारी स्वयं निविदादाता की होगी।
9. नीलामी के दौरान या पश्चात किसी दैवीय आपत्ति के कारण फलो को कोई नुकसान पहुंचता है तो उसकी जिम्मेदारी संस्थान की नहीं होगी।
10. यदि निविदादाता द्वारा **बेर** के वृक्षों को किसी प्रकार की हानि **पहुचाई जाती** है तो उसकी निविदा को तत्काल रद्द कर उसके विरूद्ध उचित कार्यवाही की जाएगी।

____
निविदादाता के हस्ताक्षर

11. **उक्त बेर फलों को एक दिन के लिए संस्थान परिसर में बाजार भाव से 25% छूट पर बेर फलों को बेचना अनिवार्य होगा।**

12. **जीएसटी @ 18% या मौजूदा सरकारी दरों के अनुसार निविदादाता को अतिरिक्त देय होगा। कोई अन्य कर जो लागू हो का भुगतान भी निविदादाता को अतिरिक्त देय होगा।**

13. निविदादाताओं द्वारा जमा किए गए बयाने की राशि का ड्राफ्ट नीलामी संबंधित प्रक्रिया पूर्ण होने के **उपरांत** वापस किया जाएगा।

14. संस्थान के पास पूर्ण अधिकार सुरक्षित है कि वह किसी अथवा सभी निविदा व बोली को बिना कारण बताए स्वीकार करें अथवा न करें।

ह.
सहायक कुलसचिव एवं
प्रभारी अधिकारी, सम्पदा कार्यालय

मैने उपरोक्त **नीलामी की** सभी नियम एवं शर्ते पढ़ ली हैं तथा यह सभी मुझे पूर्णतया मान्य है **इस नीलामी** के सम्बन्ध में संस्थान निदेशक का निर्णय सभी निविदादाताओं को समान रूप से मान्य होगा।

निविदा देने की तारीख : ....

निविदादाता
का छायाचित्र

निविदादाता के हस्ताक्षर
निविदादाता का पूरा नाम व पता
(पिन कोड एवं फोन/मोबाइल नं0 सहित)
....
....
....

निविदादाता के हस्ताक्षर

सेवा में,
सहायक कुलसचिव व
प्रभारी अधिकारी, सम्पदा कार्यालय
भा.प्रौ.सं. कानपुर

विषय – संस्थान परिसर मे स्थित हवाई पट्टी के पीछे में लगे बेर के फलों की नीलामी हेतु निविदा।

महोदय,

मै नीलामी सूचना संख्या 27/2019-20 दिनॉक 09.01.2020 के सम्बन्ध में अपनी निविदा आपके विचारार्थ प्रस्तुत करता हूँ।

निविदादाता का नाम ....

पिता का नाम ....

आयु ....

पूरा पता ....

....

क्या आपने ₹5,000/- का बैंक ड्राफ्ट बयाने की राशि के रूप मे इस निविदा के साथ संलग्न किया है? हाँ / नहीं

यदि हॉ तो ड्राफ्ट सं. .... दिनॉक ....एवं बैंक का नाम..

उक्त नीलामी की राशि जो आप उपरोक्त बेर फलों की खरीद हेतु देना चाहते हैं।

(अंको मे) ....

(शब्दों में) ....

मुझे संस्थान द्वारा रखी गई सभी शर्ते जिसमें निविदाओं का अस्वीकृत होना भी सम्मिलित है मान्य है।

दिनांक: ....

निविदादाता के हस्ताक्षर: ....

निविदादाता का नाम: ....

टेलीफ़ोन/मोबाइल नं.: ....

____
निविदादाता के हस्ताक्षर